सार-समाचार

225 किलोग्राम नमक सीज किया

सीकर (निसं)। त्यौहार पर आमजन को शुद्ध व ताजा खाद्य सामग्री मिले, इसके चिकित्सा विभाग की ओर से शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत बुधवार को लोसल व खूड क्षेत्र में कार्रवाई की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ टी. शुभमंगला तथा जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के निर्देशन में अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभाग की टीमों ने बुधवार को लोसल व खूड क्षेत्र में कार्रवाई कर 225 किलो नमक सीज किया तथा खाद्य वस्तुओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 13 सैम्पल लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया, महमूद अली, नंदराम मीणा, सुरेश कुमार शर्मा ने लोसल के जगदेव भंवरलाल घोडेला प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। यहां पर सूर्या ब्रांड का नमक पांच से सात रूपए प्रति किलो के भाव से बेचा जा रहा था। इस पर मिलावट की आशंका होने पर उन्होंने 225 किलोग्राम नमक को मौके पर ही सीज किया। वहीं क्षेत्र से घी, मावा, रसगुल्ला, मावा पेड़ा, धनिया पाउडर, मसाला, बेसन बूंदी लड्डू आदि खाद्य वस्तुओं के 13 सैम्पल लिए। सभी सैम्पलों को जांच के लिए जयपुर स्थित प्रयोगशाला में भेजा गया है।

शहरी सेवा शिविर का अवलोकन किया

तारानगर (निसं)। राज्य अनुसूचित जाति वित्त व विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक ने तारानगर की जमनाधर मोतीलाल सरावगी स्कूल में वार्ड 29 व 30 के लगाये शिविर का निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नायक ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर घर घर तक पहुंचे एवं कोई भी पात्र योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इससे पहले नायक ने कस्बे की अम्बेडकर सामुदायिक भवन का भी निरिक्षण किया पालिका ईओ अजय प्रताप सिंह ने बताया कि शिविर मे छह लोगों को पट्टे वितरित किए गए व 25 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए एवं वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई कार्य करवाया गया। शिविर के दौरान भाजपा नेता राकेश जांगिड़, एसडीएम राजेन्द्र कुमार, तहसीलदार हनुमान सिंह, शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, मोहम्मद तैयब, हरी इंदौरिया, अजीतसिंह राठौड़, मोहम्मद तैयब, सहित समस्त विभागो के अधिकारी कर्मचारी व वार्डवासी मौजूद रहे। शिक्षक वीरबहादुर सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम का संचालन किया।

निःशुल्क सरसों बीज वितरण

पाटन (निसं)। क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में युवा भाजपा नेता रामसिंह दासाला के पाटन स्थित कार्यालय पर आज निःशुल्क सरसों बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का सफल संचालन राजेश गुर्जर के निर्देशन में किया गया, जिसमें सैकड़ों किसान लाभान्वित हुए।इस अवसर पर नाबार्ड सीकर के डीडीएम एम. एल. मीणा और जयपुर के एवं प्रोजेक्ट हेड प्रदीप भातरा ने विशेष रूप से शिरकत की। उनके साथ डूंगाकीनांगल प्रशासक अनिल शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण सरपंच, रमेश मणकस, के मनीष, सुरेश पहलवान, कृष्ण कसाना एवं श्रीराम मणकस सहित अनेक गणमान्य जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बीज वितरण में डूंगाकीनांगल, किशोरपुरा, खोरी सोहनपुरा, कोलीवाला, पांचू, खरकडा, पाटन एवं डोकन जैसे गांवों के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि बीज उपलब्ध करवाकर उनकी पैदावार बढ़ाना और आत्मनिर्भर खेती की दिशा में उन्हें सशक्त बनाना था।कार्यक्रम में बोलते हुए रामसिंह दासाला ने कहा, किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। उन्हें सशक्त करना ही राष्ट्र को सशक्त करना है। यह बीज वितरण महज एक शुरुआत है, आने वाले समय में और भी कई योजनाएं किसानों के लिए लाई जाएंगी।

पालडीवाल आईटीआई संस्थान में 23वें प्लेसमेंट शिविर आयोजित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। पालडीवाला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के संकल्प के तहत 'बेरोजगारी से आजादी' के अपने वादे को साकार करने की दिशा में 23वाँ प्लेसमेंट कैंप सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। आयोजित प्लेसमेंट कैंप में सुज़ुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड की प्रतिष्ठित कंपनी ने भाग लिया ।जिसमें एच.आर. मैनेजर योगेश जोशी तथा उनकी टीम के सदस्य कुणाल मेहर एवं शंकर सिंह रावत उपस्थित रहे और भर्ती प्रक्रिया संपन्न की।इस अवसर पर पालड़ीवाला आईटीआई के साथ-साथ आसपास के प्रशिक्षण संस्थानों के भी प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के इलेक्ट्रिशियन, फिटर एवं डीजल मैकेनिक ट्रेड के फाइनल ईयर के प्रशिक्षार्थियों ने साक्षात्कार में भाग लेकर अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया। संस्थान के प्राचार्य राकेश मालवीय ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट में कुल 56 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया।

खुशी शर्मा का गुजरात महिला क्रिकेट टीम अंडर 19 में चयन हुआ

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मनगढ के नरसास गांव निवासी लाडो खुशी शर्मा का गुजरात अंडर 19 महिला क्रिकेट टीम में चयन होने पर परिजनों व ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है। चयनित बालिका खुशी के पिता अहमदाबाद प्रवासी व्यवसायी राजकुमार शर्मा ने बताया कि क्रिकेट टीम में लक्ष्मनगढ की पहली बालिका है जिसने यह मुकाम हासिल करते हुए कामयाबी हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि खुशी अंडर-19 बीसीसीआई इलाइट टी20 ट्रॉफी टूर्नामेंट में रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित टूर्नामेंट अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने बताया कि खुशी ने हाल ही में अहमदाबाद में हुए रिलायंस 1 कप टूर्नामेंट में खुशी ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सौराष्ट्र के खिलाफ 3 विकेट और फाइनल में बंगाल के खिलाफ 2 विकेट लिए थे।

बसों के अवैध संचालन के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन

नोहर, (निसं)। सुरजनसर का हुकम सिंह पुत्र बन्ने सिंह को एक बार फिर से आंदोलन करना पड रहा है। उसका आरोप है कि नोहर का जिला परिवहन विभाग वसों के अवैध संचालन को लेकर कार्रवाई नहीं कर रहा। इसे लेकर हुकम सिंह 6 जून को गांव की पानी की टंकी पर चढ गया था। इस दौरान समझौता वार्ता हुई। जिसमें कार्यालय बसों के अवैध संचालन के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। लेकिन हुकम सिंह का कहना है कि परिवहन विभाग ने उल्टा उसी की बसों के ही सात बार चालान काट कर परेशान करना शुरू कर दिया। धरनारत हुकम सिंह ने जिला परिवहन विभाग नोहर पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि डीटीओ बस संचालकों से मासिक बंधी लेकर अवैध बसों का संचालन करवाता है। जिससे रूट के बस संचालकों को नुकसान हो रहा है।

पैसेंजर ट्रेन के पुनः विस्तार की मांग

रतनगढ़ (निसं) समाजसेवी पार्षद वार्ड नं. 28 नन्दकिशोर भार्गव ने उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल प्रबंधक को पत्र लिखकर लुधियाना से चलकर रतनगढ़ तक आने वाली पैसेंजर स्पेशल गाड़ी संख्या 54604-05 को पुनः रतनगढ़ तक चलाने की मांग की है।पत्र में उल्लेख किया गया है कि कोरोना काल से पूर्व यह गाड़ी लुधियाना से रतनगढ़ तक संचालित होती थी, लेकिन कोरोना काल के बाद इसे लुधियाना से चूरू तक ही चलाया जा रहा है। इससे रतनगढ़ व आसपास क्षेत्र के लोगों को लुधियाना जाने के लिए अन्य गाड़ियों के माध्यम से चूरू पहुंचना पडता है, जिससे उन्हें भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। भार्गव ने कहा कि यदि इस गाड़ी को पुनः रतनगढ़ तक चलाया जाता है तो स्थानीय यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और वे सीधे लुधियाना तक की यात्रा आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने रेलवे प्रशासन से शीघ्र इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाने की अपील की है।

जनसुनवाई स्थगित

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया की राज्य सरकार द्वारा 16 अक्टूबर 2025 से जिले में ग्रामीण सेवा शिविर" एवं "शहरी सेवा शिविर" का आयोजन प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन शिविरों के सफल संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि शिविरों के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए 16 अक्टूबर 2025 (तृतीय गुरूवार) को आयोजित की जाने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित कर दिया गया है।

अपनी मांगों को लेकर कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने विरोध-प्रदर्शन किया

चूरू (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने लंबित 11 सूत्री मांग पत्र को लागू करवाने के लिए प्रदेश स्तर पर संघर्ष चेतना यात्रा कर आंदोलन के अन्तर्गत बुधवार को कलेक्ट्रेट के आगे जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महासंघ के जिला अध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया महासंघ की 11 सूत्री लंबित मांगों को पूरा करने, वेतन विसंगति दूर करने, संविदा कार्मिकों को नियमित किए जाने, ऑप्स से छेड़छाड़ बंद करने, स्पष्ट व पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदपाल मलिक ने कहा कि दीपावली से पूर्व 5 दिनों में ही स्कूलों के रंग-रोगन हेतु राज्य सरकार द्वारा आदेशित किया गया, जबकि प्राप्त बजट के अभाव में रंग रोगन जैसे कार्य कैसे संपादित हो सकते हैं, साथ ही दीपावली पर सभी पेंटर पहले से ही दूसरी जगह व्यस्त हैं। पेंटर उपलब्ध नहीं है। स्कूल की बिल्डिंग की मरम्मत और रंग रोगन का 20-25 दिन का कार्य पांच दिवस में कैसे पूर्ण किया जा सकता है। महासंघ के जिला महामंत्री फूलेसिंह बुरड़क ने बताया कि प्रदेश के 8 लाख कर्मचारी व लाखों संविदा कार्मिकों के प्रशासनिक व वित्तीय मांगों के सकारात्मक समाधान के लिए संयुक्त महासंघ का मांग पत्र 5 जनवरी 2025 से शासन व सरकार में लंबित है।

वन अधीनस्थ व कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बाबू खां ने बताया कि सरकार ने हठधर्मिता को दूर कर कर्मचारियों की मांगो पर विचार नहीं किया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। शिक्षक संघ शेखावत के जिलाध्यक्ष विजय पोटलिया ने बताया कि इन मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं करने के कारण संयुक्त महासंघ प्रदेश के आठ लाख कर्मचारी एवं लाखों संविदा कार्मिकों की वित्तीय, प्रशासनिक हक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष चेतना यात्रा प्रारंभ करने जा रहा है।

ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष बीरबल धारीवाल ने बताया कि सरकार ने विगत 9 माह से मांगों पर विपक्षीय वार्ता के माध्यम से सकारात्मक निर्णय करवाने का दिए चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमोद कुमार शर्मा, मदन लाल स्वामी, मातू सिंह राठौड़, सत्यनारायण व्यास, मंगलचंद, निवास माली, कमल वर्मा, गजानंद मेघवाल, भंवरलाल डूडी, भंवरलाल पूनिया, सुरेंद्र, हंसराज हुड्डा, बाला राठौड़, गोपाल सिंह काजला, शुभकरण नैण, अनिल लांबा, इस्लाम खां, अयूब भंवरू खां, खादिम अली, दिनेश स्वामी, सुरेश सुंडा, भंवरलाल डूडी, रणजीत स्वामी, बीरबल धारीवाल, राकेश हुड्डा, नक्षत्र एल्वा, इंद्राज रूहिल, राकेश कुमार, विरेन्द्र सिंह शेखावत, सुभाष सहारण सहित महासंघ से सम्वत्त प्राप्त सभी घटक संगठनों के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रतनगढ़ तहसील महासंघ अध्यक्ष शुभकरण नैण ने किया।

जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम

हनुमानगढ़ (निसं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा मेरा युवा भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्राएँ आयोजित की जा रही हैं।

इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढाना और एकता के सूत्र को मजबूत करना है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है, जिसमें देशभर के युवा सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम के माध्यम से देश के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में किए गए योगदान को याद किया जाएगा। विशेष रूप से अमृत पीढ़ी-यानी आज के युवाओं-की भूमिका पर जोर दिया गया है, ताकि वे एक सशक्त, आत्मनिर्भर और एकजुट भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकें।

इसी पहल के तहत 6 अक्टूबर, 2025 को 150 का शुभारंभ किया गया। यह भारत सरकार और माई भारत की संयुक्त पहल है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, एकता और कर्तव्य भावना को प्रोत्साहित करना है। जिस प्रकार सरदार पटेल ने बिखरे हुए भारत को एक किया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं 150 प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयनित 150 विजेताओं को राष्ट्रीय स्तरीय पदयात्रा में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

यह पदयात्रा 26 नवंबर से 6 दिसंबर, 2025 तक सरदार पटेल के जन्मस्थान करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक लगभग 152 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन 31 अक्टूबर से 15 नवंबर, 2025 के बीच किया जाएगा। इसमें जिला प्रशासन, मेरा युवा भारत, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड, शिक्षा एवं कॉलेज शिक्षा विभाग सहित कई स्वैच्छिक संगठन भाग लेंगे। इच्छुक युवा इन प्रतियोगिताओं एवं पदयात्रा में भाग लेने हेतु पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर चोटिया बास में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेक्टर के वार्ड संख्या 4,6,7 का सेक्टर स्तरीय राष्ट्रीय अष्टम पोषण माह मेले का आयोजन राजलदेसर नगर पालिका ईओ कुंदन देथा की अध्यक्षता में किया गया। मेले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रंगोली सजाकर मोटे अनाज, स्थानीय खाद्य सामग्री, घर पर बने भोजन की उपयोगिता वह महत्ता के बारे में बताया। कार्यक्रम में ईओ व महिला पर्यवेक्षक कंचन शर्मा द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई व स्वास्थ्य एवं पोषण के बारे में बताया गया कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय खाद्य सामग्री की प्रदर्शनी भी की गई।

शहरी सेवा शिविर आयोजित

राजलदेसर (निसं)। स्वायत्त शासन विभाग द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर के अन्तर्गत वार्ड वाईज चल रहे अभियान के तहत पालिका क्षेत्र के वार्ड नं. 01 से 35 के लिए पालिका के कुन्दन देथा अधिशाषी अधिकारी के निर्देशन में शहरी सेवा शिविर 2025 कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में वार्ड वासियों की समस्याओं का हल किया गया। कृषि भूमि 02 आवेदन, 69 के 1 आवेदन जन्म के 1, मृत्यु प्रमाण पत्र के 01, प्रधानमंत्री आवास योजना के 5 आवेदनो का निस्तारण, पेंशन योजना के 02, जन आधार 4 आवेदन, आधार सीडिंग के 20 आवेदन, स्ट्रीट लाईट 7, साफ-सफाई के 3 आवेदनो का निस्तारण किया गया। तथा इस शिविर में राजकीय चिकित्सालय राजलदेसर के डॉक्टर मोहर सिंह लाम्बा व अमित के द्वारा 02 मरीजों के स्वास्थ्य को चैक किया गया, बिजली विभाग द्वारा पी.एम.सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के 50 आवेदन लिये गये पी.एम. स्वनिधि के 01, आंगन बाड़ी स्वास्थ्यकर्ता द्वारा 4 आवेदनो को निस्तारण किया गया।

प्रतियोगिता का सफल आयोजन

हनुमानगढ़, (निसं.)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान खुशालदास विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में बी.एससी. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा पावर प्वाइंट प्रेज़ेंटेशन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, शोध की भावना तथा प्रस्तुतीकरण कौशल को प्रोत्साहित करना था। विद्यार्थियों ने भौतिकी के विविध विषयों जैसे न्यूटन के नियम, क्वांटम मेकैनिक्स, सापेक्षता सिद्धांत, प्रकाशिकी आदि पर अपने प्रेज़ेंटेशन प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने विषय की गहन समझ, चार्ट, ग्राफ़ और एनीमेशन के माध्यम से अपने विचार प्रभावशाली ढंग से रखे। निर्णायक मंडल ने सभी प्रस्तुतियों की सराहना की तथा सर्वश्रेष्ठ तीन प्रस्तुतियों को पुरस्कृत किया गया। पुरुस्कृत होने विद्यार्थियों में फर्स्ट सेमेस्टर में प्रथम स्थान पर मोहीन खान, करमप्रीत, द्वितीय स्थान पर खुशप्रीत, हरप्रीत, प्रेमलता, कनिष्का, तृतीय स्थान पर ज्योति, सोनू, सूर्यप्रकाश और मनजीत रहे। वहीं थर्ड सेमेस्टर में प्रथम स्थान पर इशिका, मानवी, अर्शदीप, द्वितीय स्थान पर अल्फाज और मयंक, तृतीय स्थान पर कीर्तन, मोहित व सुमित रहे। कार्यक्रम के अंत में रजिस्ट्रार डॉ. श्यामवीर सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ. मीनल, डॉ. स्वाति ओझा, यशपाल शर्मा आदि ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

कार्यालय नगरपालिका नीमकाथाना

क्रमाक :- 32 दिनांक 15.10.2025

लोक सूचना

श्री प्रहलाद पुत्र श्री जोधाराम, श्री सुरेन्द्रसिंह बिजारणिया पुत्र श्री प्रहलादराम, श्रीमती सुशिला देवी पत्नी श्री ताराचंद बिजारणिया, निवासीगण राजनगर, गोडवास, नीमकाथाना ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का कृषि से गैर-कृषिक प्रयोजन के आवासीय उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
जिला सीकर तहसील नीमकाथाना	राजस्व ग्राम चक धारावास पटवार हल्का मण्डोली	362/81	1.8800 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन जारी की जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका नीमकाथाना

उत्तर पश्चिम रेलवे ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना

No. Comml/ E-Auction/2025/43 Date : - 14.10.2025

उक्त के संदर्भ में स्टेशन पर कैटरिंग के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलोग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किये जा जा चुके है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कैटरिंग के ठेकों हेतु ई-ऑक्शन		
1	कार्य की अवधि	कैटरिंग : 5 वर्ष		
2	लोट के ई-ऑक्शन प्रारंभ की तिथि व समय	दिनांक :- 13.10.2025 समय :- 12.00 बजे से		
3	स्टेशन	PF	स्थान	श्रेणी
(I)	सुजानगढ़	1	Center of Platform	GMU-General (W)
(ii)	सुजानगढ़	1	Toward RTGH end	GMU-General (N)
(iii)	नागौर	2	On MTD side (2nd from MTD end)	SMU-ST (N)
(iv)	नोखा	1	On BKN side (1st from BKN end)	SMU-SC (N)
(v)	जालौर	1	At Center of Platform & near station building	SMU-OBC (N)
(vi)	देशनोक	1	Toward MTD end	GMU-General (N)
(vii)	बाड़मेर	1	On SMR side (2nd from SMR Side)	SMU-SC (W)

1326-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

कार्यालय नगरपालिका नीमकाथाना

क्रमाक :- न.पा.नीम./2025-26/3028 दिनांक 09.10.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपालिका नीमकाथाना में निम्नलिखित व्यक्ति के द्वारा उनके नाम से सम्मुख अंकित प्रयोजन हेतु आवेदन किया गया है। अतः निम्न अंकितानुसार व्यक्ति के आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो, तो नगरपालिका नीमकाथाना में 15 दिवस में मय सबूत अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद गुजरने म्याद नियमानुसार आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन की एकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

क्र. स.	आवेदक का नाम	विवरण	भू-खंड/संपति का विवरण जहां स्थित है
1	श्री कैलाशचंद जोशी पुत्र श्री मुरारीलाल जोशी निवासी वार्ड नं. 23 नीमकाथाना	आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन	एसएनकेमी महाविद्यालय के पीछे खेतड़ी रोड के दाये तरफ बसी कॉलोनी नीमकाथाना, भूखंड संख्या 130 आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु क्षेत्रफल 250 व.ग.

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका नीमकाथाना

कार्यालय नगरपालिका नीमकाथाना

क्रमाक :- न.पा.नीम./2025-26/3037 दिनांक 10.10.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपालिका नीमकाथाना में निम्नलिखित व्यक्ति के द्वारा उनके नाम से सम्मुख अंकित प्रयोजन हेतु आवेदन किया गया है। अतः निम्न अंकितानुसार व्यक्ति के आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो, तो नगरपालिका नीमकाथाना में 15 दिवस में मय सबूत अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद गुजरने म्याद नियमानुसार आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन की एकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

क्र. स.	आवेदक का नाम	विवरण	भू-खंड/संपति का विवरण जहां स्थित है
1	श्री अभिषेक सैनी पुत्र श्री राजेश कुमार सैनी, श्री हरलाल ढिलाण पुत्र श्री बनवारीलाल ढिलाण, निवासी वार्ड नं. 22 गांवडी मोड छावनी नीमकाथाना	आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन	गांवडी मोड के पास कॉलोनी-3, नीमकाथाना, भूखंड संख्या 170, आवासीयसे व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु क्षेत्रफल 167.03 व.ग.

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका नीमकाथाना

उत्तर पश्चिम रेलवे ई-निविदा आमंत्रण वाणिज्य विज्ञापन हेतु

No. 22-26/TSV/JU/25 Date : - 15.10.2025

निविदा सं.	कार्य का नाम एवं स्थान	आरक्षित मूल्य 06 माह के लिए	बयाना राशि
22	गाड़ी संख्या 14821/14822 में ट्रेन साइड वेंडिग हेतु	रू. 6,79,770/-	रू 34,000/-
23	गाड़ी संख्या 14823/14824 में ट्रेन साइड वेंडिग हेतु	रू. 11,87,550/-	रू. 59,400/-
24	गाड़ी संख्या 14891/14892 में ट्रेन साइड वेंडिग हेतु	रू. 11,87,550/-	रू. 59,400/-
25	गाड़ी संख्या 14893/14894 में ट्रेन साइड वेंडिग हेतु	रू. 8,47,665/-	रू. 42,400/-
26	गाड़ी संख्या 22483/22484 में ट्रेन साइड वेंडिग हेतु	रू. 2,90,160/-	रू. 14,600/-

1. निविदा फार्म खरीदने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 28.10.2025 को 11.00 बजे तक 2. निविदा फार्म स्वीकार करने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.10.2025 को 11.00 बजे तक 3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.10.2025 को 11.00 बजे तक 4. वैबसाईट जहां से निविदा के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकती है : www.ireps.gov.in

1329-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

E-mail Address- eonp.sdlp@yahoo.in Fax & Phone-01559-222039

क्रमांक-न.पा.रा./भूमि/2025-26/4376 दिनांक-15.10.2025

(शहरी सेवा शिविर-2025)

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा तामिर स्वीकृति/कृषि भूमि नियमन/खाँचा भूमि नियम/स्टेटग्रान्ट एक्ट/69ए हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में आपत्ति हो यह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवे। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगर पालिका राजगढ (चूरू) की भूमि शाखा कमरा नं. 10 से पता करें। समायावधि निकलने के पश्चात आपत्ति विचारानीय नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	पत्रावली संख्या	आवेदक का नाम	खसरा नं.	क्षेत्रफल	पत्रावली किस्म
1	03/08.09.2025	मूलचन्द पुत्र स्व. श्री बृजलाल वार्ड नं. 10 मौहल्ला मुख्य पोस्ट ऑफिस के सामने राजगढ, चूरू	व्यवसायिक	772.00 वर्गमीटर	69-क
2	04/08.09.2025	मूलचन्द पुत्र स्व. श्री बृजलाल वार्ड नं. 10 मौहल्ला मुख्य पोस्ट ऑफिस के सामने राजगढ, चूरू	व्यवसायिक	538.53 वर्गमीटर	69-क
3	32/19.09.2025	बलबीर पूनियाँ पुत्र रामकुमार वार्ड नं. 05 नया वार्ड नं. 06 रामा देवी बी.एड कॉलेज के पास, राजगढ, चूरू	आवासीय	146.30 वर्गमीटर	69-क
4	57/03.01.2025	श्यामलाल चंगोईवाला व सुनिल पुत्रगण छगनलाल, वार्ड नं. 08 मोहता चौक, राजगढ (चूरू)	आवासीय	1072.80 वर्गमीटर	69-क
5	62/09.10.2025	अमित भोजक पुत्र राजेन्द्र प्रसाद भोजक वार्ड नं. 10 मौहल्ला बागवास, राजगढ (चूरू)	आवासीय	70.90 वर्गमीटर	69-क
6	63/09.10.2025	राजेन्द्र प्रसाद भोजक पुत्र रामचन्द्र वार्ड नं. 10 मौहल्ला बागवास, राजगढ, चूरू	आवासीय	84.83 वर्गमीटर	69-क
7	64/09.10.2025	सुमित भोजक पुत्र राजेन्द्र प्रसाद भोजक वार्ड नं. 10 मौहल्ला बागवास, राजगढ (चूरू)	आवासीय	70.90 वर्गमीटर	69-क
8	2472/28.03.2025	मोतीलाल पुत्र श्री भगवानाराम माली वार्ड नं. 22 नया वार्ड नं. 29 मौहल्ला सैनीयान, राजगढ चूरू	आवासीय	72.92 वर्गमीटर	69-क
9	2487/30.06.2025	विनोद कुमार पुत्र रामकुमार वार्ड नं. 30 नया वार्ड नं. 40 राजगढ (चूरू)	आवासीय	108.37 वर्गमीटर	69-क
10	2479/13.05.2025	हीरालाल प्रसाद पुत्र देवकरण वार्ड नं. 09 मौहल्ला बागवास, राजगढ चूरू	आवासीय	108.75 वर्गमीटर	69-क

(सीताराम मीणा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ (चूरू)

राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETIE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित | Published by Authority

आश्विन 11, शुक्रवार, शाके 1947 अक्टूबर 03, 2025
Asvina 11 Friday, Saka 1947 October 03, 2025

भाग-1 (ख)
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।
सार्वजनिक निर्माण विभाग
अधिसूचना
जयपुर सितम्बर 08, 2025

**(अतर्गत भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर